## जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

### सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**मंडला, देशबन्धु।** जिले के ग्राम पंचायत बिनेका एवं ग्राम पंचायत पोंडीमाल में शुक्रवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, राजस्व तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सांसद श्री कुलस्ते ने विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर आमजन और प्रशासन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम हैं, जिनके माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनल सिडाम, जनपद पंचायत मंडला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रतिमा शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।




## वित्तीय साक्षरता शिविरों से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ, नौ ब्लॉकों में जागरुकता अभियान जारी

**मंडला, देशबन्धु।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 11 जून को जिला मंडला में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से 'समर्पित' संस्था द्वारा संचालित तीनों वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से जिले के सभी नौ विकासखंडों में वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत सीएफएल के ब्लॉक काउंसलर गांव-गांव पहुंचकर वीडियो प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं तथा वित्तीय प्रबंधन के संबंध में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही बैंक प्रबंधकों एवं बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को भी शिविरों में आमंत्रित किया जा रहा है, जहां ग्रामीणों के बीमा एवं अटल पेंशन योजना के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी उनके गांव में ही उपलब्ध हो रही है, जिससे उन्हें बैंक के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है और उनके कार्य आसानी से स्थानीय स्तर पर ही संपन्न हो रहे हैं। यह अभियान समर्पित संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी ब्लॉक काउंसलरों के साथ शिव प्रसाद नंदा, मनीष सिंगोर, नाजिम शाही, स्वाती सोनी, कमलेश दुबे, प्रवीण राय एवं जॉन्सन जॉय का विशेष योगदान रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता शिविरों के माध्यम से उन्हें बैंकिंग योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं घर के नजदीक ही उपलब्ध हो रही हैं।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में ड्यूटी व्यवस्था में अस्थाई परिवर्तन

**मंडला, देशबन्धु।** मानसून सत्र 2026 के दौरान संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि जैसी आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम की ड्यूटी व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय मंडला द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक 07642-251079) में सूचना आदान-प्रदान एवं समन्वय कार्य के लिए तैनात लोक निर्माण विभाग मंडला के अनुरेखक राजेश कुमार कोष्ठी 15 जून से 17 जून तक अवकाश पर रहेंगे। उनके अवकाश अवधि के दौरान रिजर्व दल से कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अब्दुल वसीम खान को प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक कंट्रोल रूम में ड्यूटी सौंपी गई है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि उक्त अवधि में बाढ़ आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी सूचनाओं का सुचारु आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए।

### महिलाओं को दी वित्तीय साक्षरता व बीमा योजनाओं की जानकारी

**मंडला, देशबन्धु।** विकासखंड नैनपुर के ग्राम पोंडी एवं चिचगांव में 10 जून को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री के.के. अवस्थी, वित्तीय साक्षरता अधिकारी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को समूह के सफल संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

## सार-समाचार

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के अध्यक्ष राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त दावों के निराकरण एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में एमपीएफआरए पोर्टल पर दर्ज नवीन व्यक्तिगत वनाधिकार दावों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पोर्टल पर दर्ज सामुदायिक वनाधिकार दावों के निराकरण, वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित किए जाने संबंधी कार्यवाही तथा प्रपत्र-01, 02 एवं 03 की स्थिति पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों की समीक्षा उपरांत 47 वनाधिकार दावों को मान्य किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं 07 दावों को पुन: परीक्षण एवं आवश्यक जांच के लिए संबंधित अनुविभागीय स्तरीय वनाधिकार समिति को प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर श्री धोटे ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के अंतर्गत तैयार किए गए दावों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार अधिनियम का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार एवं शीघ्रता से पूर्ण की जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग के डीएफओ एमएस मौर्य, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वंदना गुप्ता, रंजीत गुप्ता, समस्त एसडीओ वन तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**मंडला, देशबन्धु।** जिला आबकारी अधिकारी मण्डला एवं प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैली सैयाम के मार्गदर्शन में 11 जून को मण्डला वृत्त अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध विशेष दबिश कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम गाजीपुर स्थित एक होटल की तलाशी में अवैध रूप से मदिरा विक्रय किया जाना पाया गया, जिस पर आबकारी विभाग ने विधिवत प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार ग्राम पुरवा क्षेत्र के झूला पुल के पास भारती बाई के निवास की तलाशी लेने पर छह कैन किंगफिशर बियर, दो बोतल विदेशी मदिरा तथा एक आधी भरी हुई मदिरा की बोतल बरामद कर जब्त की गई। वहीं सकवाह क्षेत्र में अमित कछवाहा की दुकान से दो बोतल बियर, छह नग देसी प्लेन मदिरा तथा पांच बोतल विदेशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। सभी मामलों में अवैध रूप से मदिरा का विक्रय किए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान जब्त की गई मदिरा की कुल अनुमानित कीमत लगभग 9,600 रुपये है।

### महिलाओं को 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण के बाद प्रमाण-पत्र वितरित



**मंडला, देशबन्धु।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट-आरसेटी) मंडला द्वारा जिला आजीविका मिशन के तत्वावधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 31 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 13 मई से 12 जून तक संचालित हुआ, जिसमें स्व-सहायता समूहों तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली 20 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सलवार-सूट, लहंगा, स्कूल ड्रेस सहित विभिन्न आकर्षक परिधानों की सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उद्यमिता विकास, स्वरोजगार स्थापना तथा व्यवसाय संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं।

प्रशिक्षण समापन पर प्रतिभागियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में सेंट-आरसेटी के निदेशक श्री राजेश राय ने महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण एवं बीमा योजनाओं की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनाई : मंत्री उईके

### पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर की चर्चा

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज देश दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों के कारण वैश्विक मंच पर भारत का सम्मान और प्रभाव लगातार बढ़ा है।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती उईके मंडला में स्थानीय होटल विट्ठल इन में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भोपाल द्वारा आयोजित एक दिवसीय वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया गया है। महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीबों एवं वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन तथा अन्य जनहितकारी कार्यक्रमों ने लाखों परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं।




मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। देश के गांवों तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे विश्व स्तर पर देश की प्रतिष्ठा और बढ़ी है।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद का दशक विकास के शानदार कीर्तिमानों का दशक रहा है। सिंचाई, राजमार्ग, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में मात्र 7 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो रही थी। आज 2026 में 64 लाख हेक्टेयर सिंचाई कर किसानों को खेती को लाभ में बदलने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश में राजमार्गों का ऐसा जाल बिछाया गया है कि देश के एक छोर से दूसरे छोर तक 4 से 6 लेनों के शानदार राजमार्ग बनकर तैयार हो गए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में अटल टनल जैसे अनेक कीर्तिमान हासिल किए गए हैं जिनकी बराबरी मुश्किल है। इस दशक में करीब 23 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। हाई स्पीड ट्रेन के मामले में भी देश ने ऊंचे प्रतिमान हासिल किए हैं।

वार्तालाप कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने वार्तालाप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में श्री मनीष गौतम ने कहा कि सरकार गरीब, उपेक्षित, किसान, मजदूर सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक योजनाओं, कार्यक्रमों को आमजन के लिए तैयार कर उनका सफल क्रियान्वयन कर रही है। इन योजनाओं से निश्चित ही बड़ी संख्या में देश के नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं और उससे लाभ उठा रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय का यह प्रयास होता है कि केंद्र सरकार की इन योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में मीडिया के माध्यम से आमजन तक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में वार्तालाप जैसे कार्यक्रमों के जरिए यह प्रयास किए जाते रहते हैं। मंडला में उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि आज देश बदल रहा है देश की सैन्य शक्ति सशक्त हुई है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित हुआ है। महिला सशक्तिकरण से देश मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इन अधिकारियों ने केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीमती दीपाली वाजपेई ने चर्चा की। चिकित्सा अधिकारी डॉ.डी.के. मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित और शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के श्री सुजय कुमार ने मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडला जिले के एक सफल किसान सुनील झरिया ने प्राकृतिक, कार्बनिक खेती के विषय में अपने सफल प्रोजेक्ट के बारे में बताया। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क मंडला राहुल वासनिक, जेपी सिंह, सुलोचना रजक, उप परियोजना संचालक आत्मा अंजू कोडापे सहित प्रगतिशील कृषक, दीदी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पीआईबी भोपाल के सहायक निदेशक अजय प्रकाश उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया, वहीं केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक प्रचार अधिकारी अजय बैंस ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## आरक्षक आत्महत्या मामला: 2 नर्सों सहित 3 गिरफ्तार

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के बम्हनी बंजर थाना परिसर में आरक्षक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया है। इस मामले में दो स्टाफ नर्सों और एक नर्स के भाई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण, जान से मारने की धमकी और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि मृतक आरक्षक सुनील सरयाम (40 वर्ष) के सुसाइड नोट के आधार पर जांच की गई। जांच में सामने आया कि वर्ष 2021 में कोविड काल के दौरान बम्हनी बंजर में तैनाती के समय आरक्षक का स्थानीय अस्पताल की दो स्टाफ नर्सों से संपर्क हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें ले ली थीं। पुलिस के अनुसार, इन तस्वीरों के आधार पर आरक्षक को कई वर्षों से लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। साथ ही, एक नर्स के भाई द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही थीं। लगातार मानसिक प्रताड़ना और दबाव के कारण आरक्षक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि सुसाइड नोट में दर्ज तथ्यों के साथ-साथ तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों स्टाफ नर्सों और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## नगरपालिका मंडला में युवा संगम रोजगार मेला 16 को

### निजी कम्पनियां देंगी रोजगार के अवसर

**मंडला,देशबन्धु।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''युवा-संगम रोजगार मेला'' का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। यह आयोजन ''जिला रोजगार कार्यालय मंडला, आईटीआई मंडला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंडला'' के संयुक्त तत्वावधान में नगरपालिका मंडला के हॉल में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा।




रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवक-युवतियाँ भाग ले सकेंगे, जिन्होंने कक्षा 8वीं, आईटीआई अथवा स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियाँ उपस्थित रहकर विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी तथा रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हों। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक पात्र युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## मलेरिया निरोधक माह में 'मलेरिया रथ' का शुभारम्भ

**मंडला,देशबन्धु।** जिले में मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर से 'मलेरिया रथ' का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती, आरएमओ डॉ. वाय.के. झारिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. विजय धुर्वे तथा जिला मलेरिया अधिकारी रामशंकर साहू ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।



### हाई रिस्क ग्रामों में चलेगा जागरुकता अभियान

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मलेरिया का संक्रमण काल मानसून की शुरुआत के साथ जून-जुलाई से प्रारंभ होकर अक्टूबर-नवंबर तक अधिक प्रभावी रहता है। इसे देखते हुए जिले के मलेरिया प्रभावित एवं हाई रिस्क ग्रामों में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मलेरिया रथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राथमिकता वाले ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर माइकिंग, पंपलेट वितरण, फ्लेक्स एवं बैनरों के माध्यम से लोगों को मलेरिया और अन्य वाहक जनित रोगों से बचाव की जानकारी देगा। अभियान के दौरान नागरिकों को मच्छरदानी के नियमित उपयोग, कूलर, गमलों, मटकों, टायरों और पानी की टंकियों में जमा पानी को समय-समय पर खाली करने तथा सप्ताह में कम से कम एक बार पानी बदलने की सलाह दी जा रही है। साथ ही लार्वा विनिष्टीकरण एवं स्वच्छता संबंधी उपायों की भी जानकारी दी जा रही है। मलेरिया रथ में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की त्वरित जांच एवं उपचार सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं। मलेरिया निरोधक माह के दौरान पंचायत स्तरीय कार्यशालाएं, रोगियों की खोज, जांच एवं उपचार, स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण, लार्वा सर्वेक्षण तथा व्यापक प्रचार-प्रसार जैसी गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं।

## मिलेट क्वीन लहरी बाई ने मंडला के श्री अन्न को दिलाई वैश्विक पहचान

**मंडला, देशबन्धु।** मेहनत, नवाचार और परंपरागत कृषि ज्ञान के बल पर मंडला जिले की प्रगतिशील कृषक श्रीमती लहरी बाई आज देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना चुकी हैं।

मिलेट क्वीन के नाम से प्रसिद्ध श्रीमती लहरी बाई ने श्री अन्न (मिलेट) के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देकर जिले के किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। श्रीमती लहरी बाई ने वर्षों पहले कोदो, कुटकी, रागी और अन्य मोटे अनाजों की पारंपरिक किस्मों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने खेतों में विभिन्न देशी बीजों का संग्रह एवं संरक्षण कर न केवल जैव विविधता को बचाया, बल्कि किसानों को भी श्री अन्न की खेती के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों से अनेक किसान कम लागत और बेहतर पोषण वाले मिलेट उत्पादन की ओर आकर्षित हुए। हाल ही में इंदौर में आयोजित ''ब्रिक्स एग्रीकल्चर समिट 2026'' में लहरी बाई द्वारा लगाए गए मंडला मिलेट स्टॉल ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विभिन्न मिलेट उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए उनके पोषण, स्वास्थ्य और आर्थिक महत्व की जानकारी साझा की। लगभग 21 देशों के प्रतिनिधियों ने उनके कार्यों की सराहना की और मंडला में मिलेट संवर्धन के प्रयासों को अनुकरणीय बताया।